# बदइंतजामी : बाथरूम के दरवाजों में जड़े तार के ताले

## कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे करीब चार सैंकड़ा लोग, लघुशंका के लिए दिखे परेशान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं। लेकिन इस कलेक्ट्रेट परिसर में मूलभूत सुविधाओं की जो बदहाल तस्वीर सामने आई है, वह बेहद शर्मनाक है। जनसुनवाई कक्ष के ठीक समीप बने सार्वजनिक बाथरूमों के दरवाजों पर ताले की जगह लोहे के कटीले तारों को लपेटकर उन्हें स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है, जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है।




दरअसल मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर करीब 391 (लगभग चार सैकड़ा) आवेदक पहुंचे थे। एक तरफ अधिकारी जनसुनवाई कक्ष में बैठकर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे, तो दूसरी तरफ बाहर आए लोग लघुशंका और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में भटकते हुए देखे गए। बाथरूमों की स्थिति इतनी बदतर है कि दिव्यांगों और पुरुषों के लिए आरक्षित शौचालयों की सिटकनी (कुंदी) में ताले की जगह लोहे के कटीले तार कसकर बांध दिए गए हैं, ताकि कोई अंदर न जा सके। इन कुंदियों पर लगे तार के ताले को लेकर कलेक्ट्रेट नजीर बाबू शिवम शर्मा से चर्चा करना चाहा तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।

### अधिकारियों की नाक के नीचे अव्यवस्था का आलम

उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई में दूर-दराज ग्रामीण लोग सुबह से आकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। ऐसे में कलेक्ट्रेट जैसी वीआईपी जगह पर बाथरूम बंद होना उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब बन गया। सबसे ज्यादा परेशानी उन दिव्यांग आवेदकों को उठानी पड़ी जो ठीक से चल-फिर भी नहीं सकते। उनके लिए बनाए गए विशेष शौचालयों पर भी तार का ताला लटका मिला।



**स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा:**

कलेक्ट्रेट परिसर की यह तस्वीर साफ तौर पर दर्शाती है कि जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता और जनसुविधाओं को लेकर कितने लापरवाह हैं। कलेक्ट्रेट परिसर जैसी महत्वपूर्ण जगह पर ऐसी लापरवाही समझ से परे है। एक तरफ जहां सरकार स्वच्छता के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं जिला मुख्यालय के मुख्य परिसर में ही आम जनता के लिए बुनियादी सुविधाएं तारों के जाल में कैद हैं।



# बांसापुर के रहवासी बोले, एक हफ्ते में शुरू हो मुक्तिधाम का कार्य

**मुक्तिधाम न होने से बारिश में होती है परेशानी**

**एक साल पहले हुई टीएस पर नहीं हुआ कार्य शुरू**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को ग्राम पंचायत पडरिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाँसापुर के रहवासियों ने कलेक्टर को एक शिकायती आवेदन सौंपकर अपनी तीन सूत्रीय गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने दोटूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर स्वीकृत कार्यों पर कार्रवाई शुरू नहीं हुई, तो वे ग्राम पंचायत में धरने पर बैठने के लिए बाध्य होंगे।

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए आवेदन में मुख्य रूप से बताया कि धौरा रोड से लगी शासकीय भूमि पर एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी द्वारा 24 अगस्त 2025 को मुक्तिधाम की तकनीकी स्वीकृति (टीएस) दी गई थी। लेकिन शासकीय रास्ता न होने और दबंगों के हस्तक्षेप के कारण आज तक वहां केवल अस्थायी (टेंपरेरी) काम हुआ है, स्थायी निर्माण रुका पड़ा है। वहीं ग्राम बाँसापुर चौराहे के शासकीय रास्ते पर स्थित एक खुला कुआं हादसों को न्योता दे रहा है। इसमें कई मवेशी और राहगीर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। प्रशासन और पंचायत को बार-बार सूचित करने के बाद भी इसे बंद करने की कोई जहमत नहीं उठाई गई। इसके अलावा पार्क के सामने से मारूप के रास्ते का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जिससे पूरी बस्ती का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने आवेदन में स्पष्ट किया है कि पूर्व में हुई दुर्घटनाओं और भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी की पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन की होगी।

## एक नजर में



### सैकड़ो ने की भाजपा की सदस्यता

**नवभारत अशोकनगर।** मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद पिपरई अंतर्गत ग्राम सीगोंन में मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में भाजपा की रीति-नीति एवं जनकल्याणकारी विचारधारा से प्रभावित होकर पिपरई एवं आसपास क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भारतीय जनता पार्टी परिवार में सभी नव-सदस्यों का पट्टिका व माल्यार्पण कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, मण्डल अध्यक्ष थूबोन रविंद्र लोधी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती विशन बाई अहिरवार, मनोज शर्मा मण्डल प्रभारी एवं सांसद प्रतिनिधि लाखन कटारिया उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने विश्वास जताते हुए कहा कि आप सभी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### लखन बनी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष

**नवभारत अशोक नगर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की अनुशंसा पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे राजवाड़े द्वारा भाजपा जिला मंत्री लखन यादव को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्रीमती यादव की नियुक्ति पर जिले भर के कार्यकर्ताओं महिला मोर्चा की बहनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिए एवं उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।



### स्कूल की भूमि से नहीं हटा अतिक्रमण

**मुंगावली।** जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में मंगलवार को एक बार फिर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण मामले की शिकायत आई। मुंगावली तहसील के ग्राम चाचूखेड़ा निवासी निखिल कलावत ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर शासकीय विद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने अधिकारी को बताया कि ग्राम चाचूखेड़ा स्थित शासकीय विद्यालय की भूमि पर माखन सिंह यादव द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। इस संबंध में पटवारी और राजस्व विभाग को 9 बार लिखित आवेदन दिए जा चुके हैं। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मामले में तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाने का आदेश भी पारित किया जा चुका है। इसके बावजूद संबंधित पटवारी द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। पटवारी एक-दूसरे पर बात टाल रहा हैं। जिससे शासन का नुकसान हो रहा है और स्कूली विद्यार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। आवेदक ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। वहीं आदेश का पालन न करने वाले लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए और शासकीय विद्यालय की भूमि से तत्काल अवैध कब्जा हटाया जाए।

# संस्कृति स्कूल में गूंजा सड़क सुरक्षा का संदेश

## यातायात पुलिस ने राहवीर योजना को लेकर शिक्षक सहित बच्चों को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा और राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया।**

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में मंगलवार को संस्कृति विद्यालय में यातायात नियमों एवं राहवीर योजना पर आधारित एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से यातायात थाना प्रभारी मनीष सिंह चौहान एवं उनकी टीम ने विद्यालय के स्टाफ और शिक्षकों को सुरक्षित यातायात के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और नियमों के पालन से होने वाले सामाजिक लाभों को रेखांकित किया। यातायात प्रभारी ने शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं नियमों का कड़ाई से पालन कर विद्यार्थियों के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करें, ताकि आने वाली पीढ़ी भी अनुशासित नागरिक बन सके।

राहवीर योजना और गोल्डन ऑवर का महत्व: कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी राहवीर योजना पर विशेष प्रकाश डाला गया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटना के बाद का शुरुआती 1 घंटा (गोल्डन ऑवर) है, जो घायल की जान बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। यदि कोई भी सजग नागरिक घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर समय पर इलाज सुनिश्चित कराता है, तो वह एक अमूल्य जीवन बचा सकता है। आमजन को बिना किसी कानूनी डर या संकोच के पीड़ितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।




**सड़क सुरक्षा का संकल्प:**

इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर देवेंद्र सिंह, प्राचार्य श्रीमती इंदु कौर, वाइस प्रिंसिपल प्रतिभा पटेल सहित समस्त शिक्षकगण, यातायात विभाग का स्टाफ और राहवीर सुधीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सड़क सुरक्षा, यातायात अनुशासन और संकट में फंसे लोगों की मानवीय सहायता करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# जुआ खेलते सात गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल सात आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।**

यह कार्रवाई संस्कृति स्कूल के पीछे पुलिस टीम द्वारा की गई। पहला मामले में पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में माधोसिंह, अर्जुन अहिरवार , राहुल जाटव और राहुल सिलावट शामिल हैं। इनके कब्जे से ताश की गड्डी और 1,670 रुपये नगद बरामद किए गए। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस ने उसी स्थान से तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें उदय ओझा , सतीश राय और राहुल यादव शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से ताश के पत्तों के साथ 1,280 रुपये नगद जब्त किए।

# एसपी ने आवेदकों की समस्याएं सुन दिये निराकरण के निर्देश

**कहा शिकायतकर्ता को बताये स्टेटस**

**एसपी का संवेदनशील पुलिसिंग पर जोर**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों और आवेदनों को बेहद गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान एसपी श्री मिश्रा ने मामलों की संवेदनशीलता को देखते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति (अद्यतन जानकारी) से अवगत कराया जाए और उन्हें हरसंभव सहयोग दिया जाए।

**पारदर्शी और संवेदनशील पुलिसिंग पर जोर:**

पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा ने कहा कि इस साप्ताहिक जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। नागरिकों को सहज, प्रभावी और न्यायसंगत पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। एक पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित पुलिस व्यवस्था स्थापित करने के लिए यह प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# भारतीय शिक्षा दर्शन और संस्कार युक्त शिक्षण पर जोर

**सरस्वती स्कूल में आचार्य अभ्यास वर्ग का आयोजन**

**वर्ग में चल रहा वैचारिक मंथन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** विद्याभारती मध्यभारत प्रांत की योजनानुसार स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में 5 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। 5 जून से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण शिविर 10 जून तक चलेगा। विद्यालय के प्राचार्य जगदीश शर्मा ने बताया कि इस वर्ग का मुख्य उद्देश्य नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ होने से पूर्व शिक्षक-शिक्षिकाओं में संस्कार युक्त शिक्षण, विद्यालयीन व्यवस्थाओं के प्रति समर्पण और दक्षता का विकास करना है, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा सके।



इस अभ्यास वर्ग के माध्यम से आचार्यों को शारीरिक, तकनीकी, शैक्षणिक, अभिव्यक्ति, संवाद कौशल तथा आचार्य कौशल विकास के अलग-अलग सत्रों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसका अंतिम उद्देश्य आचार्यों को भारतीय शिक्षा दर्शन, मनोविज्ञान और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोड़कर शिक्षण कार्य को सुगम और प्रभावी बनाना है।

**चार दिनों के प्रमुख सत्र और वैचारिक मंथन:**

आचार्य अभ्यास वर्ग के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि डॉ. रामवीरसिंह रघुवंशी एवं डॉ. जयमण्डल यादव की उपस्थिति में मुख्य वक्ता अंजनी दुबे ने हमारा लक्ष्य का क्रियान्वयन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सारगर्भित विचार रखे। वहीं द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि अमित अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) की उपस्थिति में मुख्य वक्ता रश्मि रघुवंशी ने जनजातीय सेवा क्षेत्र सहित पंच परिवर्तन (कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य और स्वबोध) पर उद्बोधन दिया। तृतीय दिवस मुख्य अतिथि राजीव बोहरे एवं सहसचिव रघुवीर पारासर की उपस्थिति में मुख्य वक्ता सोनू शर्मा ने विद्यालय की वंदना, प्रार्थना और आचार्य पद्धति की बारीकियों से अवगत कराया। इसके अलावा दिवस मुख्य अतिथि कैलाश नारायण शर्मा एवं महेंद्र कुमार शर्मा की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता कमल राजपूत ने भारतीय शिक्षा दर्शन एवं मनोविज्ञान की संकल्पना विषय पर गहराई से प्रकाश डाला और बालक के विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

**उम्मीद**

**कलेक्टर की संवेदनशीलता: बच्चों को हाथों में सौंपी किताबें**

# अनाथ भाई-बहन का कलेक्टर ने कराया स्कूल में दाखिला

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई वैसे तो आम जनता की शिकायतों और प्रशासनिक फाइलों के निपटारे का केंद्र होती है, लेकिन मंगलवार को यहा मानवता और उम्मीद की एक बेहद भावुक तस्वीर देखने को मिली। जनसुनवाई में जब पिता का साया खो चुके दो मासूम बच्चे अपनी फरियाद लेकर पहुंचे, तो कलेक्टर साकेत मालवीय का संवेदनशील रूप सामने आया। उन्होंने न सिर्फ बच्चों को दुलारा, बल्कि मौके पर ही उनका भविष्य संवारने का इंतजाम भी कर दिया।




दरअसल चंदेरी विकासखंड के विक्रमपुर निवासी संजू केवट और उसकी बहन मीनाक्षी केवट के सिर से पिता स्वर्गीय गोविंद केवट का साया उठ चुका है। पिता के निधन के बाद इन मासूम भाई-बहन के सामने न सिर्फ जीवन बसर करने का संकट खड़ा हो गया था, बल्कि उनकी स्कूली शिक्षा भी पूरी तरह अधर में लटक गई थी। परिजनों के साथ अपनी गुहार लेकर जब ये दोनों बच्चे जनसुनवाई कक्ष में दाखिल हुए, तो उनकी आंखों में बेबसी साफ झलक रही थी।

**डीपीसी राहुल शर्मा बने मददगार**

कलेक्टर की तत्परता से दोनों बच्चों का दाखिला तत्काल विकासखंड चंदेरी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर में कराया गया। इतना ही नहीं, कलेक्टर ने खुद अपने हाथों से दोनों भाई-बहन को स्कूल की नई पुस्तकें और शिक्षण सामग्रियां वितरित कीं। जब बच्चों के छोटे-छोटे हाथों में नई किताबों का बंडल आया, तो उनके चेहरों पर बिखरी मुस्कान ने वहां मौजूद हर शख्स का दिल जीत लिया। इस भावुक पल के लिए जिला परियोजना समन्वयक (DPC) राहुल शर्मा ने संवेदनशीलता की एक अनूठी मिसाल पेश की। बच्चों की पारिवारिक स्थिति और पढ़ाई के प्रति ललक को देखते हुए डीपीसी राहुल शर्मा ने तुरंत अपनी जेब से पैसे खर्च कर बाजार से बच्चों के लिए स्लेट, बत्ती (चाक) सहित अन्य जरूरी शिक्षण सामग्रियां मंगवाईं।

# ऐतिहासिक नगरी में 14 जून को सजेगा बाबा सैयद काले शाह का 30 वां उर्स मुबारक

## हिन्दू मुस्लित एकता की मिशाल, बाबा के यहा मांगते है सब मन्नत

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** सांप्रदायिक सौहार्द और अटूट आस्था का प्रतीक बाबा सैयद काले शाह तपावावडी का 30वां सालाना उर्स मुबारक आगामी 14 जून से बेहद धूमधाम के साथ शुरू होने जा रहा है। एक दिवसीय उर्स को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उर्स कमेटी के सदर विजय बंटू कोली ने बताया कि इस वर्ष का मुख्य आकर्षण देश के मशहूर कव्वालों के बीच होने वाला शानदार मुकाबला होगा, जिसके लिए विशेष तौर पर बाहर से आधुनिक साउंड सिस्टम और भव्य टेंट मंगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बाबा सैयद काले शाह का यह उर्स सर्वधर्म समभाव का प्रतीक है, जहां हर धर्म के लोग आकर मन्नतें मांगते हैं। उर्स कमेटी के सदस्य मनोहर लाल, महावीर, राजकुमार, रोबिट, नीरज प्रजापति, शाकिर खान, बंटी, इमरान खान, सगीर खान और छोटे बाबू आदि ने चंदेरी वासियों सहित बाहर से आने वाले सभी अकीदतमंदों और मेहमानों से इस मुकद्दस उर्स में शामिल होकर इसे कामयाब बनाने की अपील की है।



**शानदार कव्वाली का होगा मुकाबला:**

इस बार उर्स की महफिल में हिंदुस्तान के दो नामचीन कव्वाल अपनी कला का जादू बिखरेंगे, जिनमें साकिब अली साबरी (उत्तर प्रदेश), बाबू गुलाम बारसी (बिहार) दोनों ही कव्वालों के बीच सूफियाना कलाम और कव्वाली का जबरदस्त प्रोग्राम पेश किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब के इस मंच पर क्षेत्र के तमाम दिग्गज नेता और गणमान्य नागरिक मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और बाबा के दरबार में चादर पोशी कर हाजिरी लगाएंगे।